


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





वनेसा ने कियारा आडवाणी को नया ब्रांड एंबेसडर... :- पेज 8

आडवाणी विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में... :- पेज 8



वर्ष : 01 | अंक: 14 | बुधवार- 16 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


## देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर केवल 15 न्यायाधीशः 2025 इंडिया जस्टिस रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। मंगलवार को जारी ह्यइंडिया जस्टिस सिस्टम रिपोर्टह्न 2025 में यह जानकारी सामने आई है।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के मुताबिक, 1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं। यह 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से काफी कम है।

इस रिपोर्ट में देश में न्याय प्रदान करने के मामले में राज्यों की स्थिति की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं। रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दशार्ता है। रिपोर्ट में बताया गया, राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले है। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिला न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की कुल हिस्सेदारी 2017 में 30 प्रतिशत से बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई है और 2025 में उच्च न्यायालयों में यह 11.4 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई है।




रिपोर्ट में बताया गया, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय (छह प्रतिशत) की तुलना में जिला न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की हिस्सेदारी अधिक है। वर्तमान में, 25 उच्च न्यायालयों में केवल एक महिला मुख्य न्यायाधीश है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली की जिला अदालतें देश में सबसे कम रिक्तियों वाली न्यायिक शाखाओं में से हैं, जहां 11 प्रतिशत रिक्तियां और 45 प्रतिशत महिलाएं न्यायाधीश हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि जिला न्यायपालिका में, केवल पांच प्रतिशत न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति (एसटी) से और 14 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) से हैं। वर्ष 2018 से नियुक्त उच्च न्यायालय के 698 न्यायाधीशों में से केवल 37 न्यायाधीश एससी और एसटी श्रेणियों से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायपालिका में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) का कुल प्रतिनिधित्व 25.6 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी टूर ऑपरेटर ने सऊदी की समयसीमा का पालन नहीं किया :हज कोटे में कटौती पर सरकार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सरकार ने इस साल भारत के निजी श्रेणी के हज कोटे में कथित तौर पर कटौती किए जाने से जुड़ी रिपोर्ट को लेकर मंगलवार को कहा कि निजी टूर ऑपरेटर के समूह (सीएचजीओ) बार-बार याद दिलाए जाने के बावजूद सऊदी अरब की सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा का पालन करने में विफल रहे।

सरकार ने यह भी कहा कि उसके हस्तक्षेप के कारण सऊदी हज मंत्रालय मीना (सऊदी) में स्थान की उपलब्धता के आधार पर 10,000 हज यात्रियों के संबंध में अपना काम पूरा करने के मकसद से सीएचजीओ के लिए हज पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमत हो गया है। भारतीय हज समिति के माध्यम से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत को आवंटित 1,75,025 हज यात्रियों के कोटे के बड़े हिस्से की व्यवस्था करता है, जो वर्तमान में 1,22,518 है।

बाकी 52,507 हज यात्रियों का कोटा निजी टूर ऑपरेटरों को आवंटित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसके प्रयासों के परिणामस्वरूप, भारत के लिए देश का आवंटन, जो 2014 में 1,36,020 था, धीरे-धीरे 2025 में बढ़कर 1,75,025 हो गया है। इस कोटे को सऊदी अधिकारियों द्वारा हजयात्रा के समय के करीब अंतिम रूप दिया जाता है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसी टिप्पणी क्यों की गई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की हाल की टिप्पणी पर मंगलवार को आपत्ति जतायी, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि शिकायतकर्ता ने खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया। शीर्ष अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि जमानत याचिका पर फैसला करते समय उच्च न्यायालय ने ऐसी टिप्पणी क्यों की।
उच्च न्यायालय ने हाल में बलात्कार के मामले में जमानत प्रदान करते हुए कहा था कि शिकायतकर्ता ने शराब पीकर याचिकाकर्ता के घर जाने के लिए सहमति जताकर खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया।
शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 17 मार्च के एक आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

उच्च न्यायालय ने आदेश में कहा था कि स्तनों को पकड़ना और महिला के पायजामे या सलवार का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता।
न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, उसी उच्च न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश ने एक और आदेश पारित किया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आम आदमी ऐसी टिप्पणियों को कैसे लेता है, इसे ध्यान में रखना आवश्यक है। पीठ ने स्वतः संज्ञान मामले में सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

### नेशनल हेराल्ड मामला

## ईडी ने सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने नौ अप्रैल को दाखिल आरोप-पत्र की संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की।

आरोप-पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम भी आरोपी के तौर पर शामिल हैं।



न्यायाधीश ने कहा, मौजूदा अभियोजन शिकायत को संज्ञान के पहलू पर विचार के लिए अगली बार 25 अप्रैल, 2025 को इस अदालत के समक्ष रखा जाएगा, जब ईडी और जांच अधिकारी (आईओ) के विशेष वकील अदालत के अवलोकन के लिए केस डायरी भी प्रस्तुत करेंगे।

### खरगे, राहुल से मिले तेजस्वी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के तालमेल समेत गठबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है।

खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार तथा राजद नेता मनोज झा और संजय यादव भी उपस्थित थे। बिहार में इस साल अक्टूबर नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित हैं।

### महंगाई पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि महंगाई के मुद्दे पर सरकार को संसद का वशिेष सत्र बुलाने के साथ ही श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। अलका लांबा ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के दाम को तुरंत कम किया जाए, जरूरी सामानों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए सख्त नीति लाई जाए तथा महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। लांबा ने संवाददाताओं से कहा, सरकार ने महंगाई से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरी जाए। देश का आम आदमी इस महंगाई का खामियाजा भुगत रहा है। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार और वर्तमान मोदी सरकार के तहत पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम की तुलना भी की।

### हरियाणा भूमि सौदा मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई और कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



ईडी की पूछताछ को राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित बताते हुए वाद्रा ने कहा कि पहले भी ईडी उनसे (धन शोधन के अन्य मामलों में) घंटों पूछताछ कर चुकी है, हजारों पन्ने साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से वाद्रा (56) एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी मुख्यालय तक करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे। वह अपने वकील के साथ पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय में दाखिल हुए, जबकि उनकी सुरक्षा टीम बाहर ही रही।

ईडी कार्यालय जाने के दौरान रास्ते में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं... उन्होंने संसद में राहुल (गांधी) को भी रोकने की की।

## न्यायालय 2025 के वक्फ कानून प्रावधानों के खिलाफ नयी याचिका सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा




**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कई प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक नयी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की इस दलील पर गौर किया कि एक नयी याचिका दायर की गई है और उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जिन मामलों में उल्लेख पर्चियां दी जाती हैं, हम उनमें ज्यादातर के मामले में एक सप्ताह के भीतर तारीख दे देते हैं। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित 10 याचिकाएं पहले से ही प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा उल्लखित नयी याचिका हरिशंकर जैन और मणि मंजुल द्वारा भारत संघ, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय और केंद्रीय वक्फ समिति के खिलाफ दाखिल की गई है।

याचिका में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 द्वारा संशोधित वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है और कहा गया है कि ये प्रावधान भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25,26,27 और 300ए का उल्लंघन करते हैं क्योंकि ये मुस्लिम समुदाय को अनुचित लाभ प्रदान करके भारतीय समाज में असंतुलन और असामंजस्य पैदा करते हैं। इसमें कहा गया है कि इन कानूनी प्रावधानों के माध्यम से वक्फ बोर्ड को अत्यधिक शक्तियां प्राप्त हो गई हैं, जिसके कारण देश भर में बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी भूमि पर कब्जा हो गया है।

याचिका में कहा गया, यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पूरे देश में आम जनता व्यक्तियों की संपत्ति और सार्वजनिक संपत्तियों पर धोखे से या जबरन कब्जा करने के अवैध कृत्यों से व्यथित है, उन्होंने विभिन्न उच्च न्यायालयों में 120 से अधिक याचिकाएं दायर की हैं और वे निर्णय के लिए लंबित हैं। केंद्रीय गृह मंत्री के 2025 के संसदीय वक्तव्य का हवाला देते हुए इसमें कहा गया कि वक्फ-पंजीकृत भूमि में 2013 में 18 लाख एकड़ के आंकड़े से 2025 में 39 लाख एकड़ तक तेज वृद्धि हुई।

याचिका में कहा गया कि बयान में वक्फ भूमि रिकॉर्ड में विसंगतियों, विशेष रूप से पट्टे पर दी गई संपत्ति के आंकड़ों के गायब होने के संबंध में चिंताओं को भी उजागर किया गया है।

इसमें यह घोषित करने का अनुरोध किया गया कि गैर-मुस्लिमों को वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नहीं होना चाहिए और केंद्र को वक्फ के रूप में दर्ज ग्राम पंचायत और अन्य सार्वजनिक भूमि को वापस लेने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

इसमें गैर-मुस्लिमों द्वारा वक्फ निर्णयों को दीवानी अदालतों में चुनौती देने के अधिकार को मान्यता देने तथा संशोधित कानून के कई प्रावधानों को असंवैधानिक होने के आधार पर रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल दिवस पर लोगों को बधाई दी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी। स्वतंत्रता के बाद 1948 में कई रियासतों को मिलाकर एक प्रांत के रूप में हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया था।

मोदी ने एक्स पर कहा कि देवभूमि अपनी गौरवशाली संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है और यहां के लोग अपनी मेहनत एवं साहस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों की समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य तथा राज्य के निरंतर विकास की कामना की। हिमाचल दिवस 15 अप्रैल को मनाया जाता है, जबकि प्रांत को 25 जनवरी, 1971 को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया था।

**राहत** किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से निकालने का अधिकार नहीं हैः मुख्यमंत्री

## फीस वृद्धि : रेखा गुप्ता ने स्कूलों को नोटिस जारी करने की बात कही

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि उन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है जिनके विरूद्ध मनमाने ढंग से फीस वृद्धि की शिकायतें मिली हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा में पारदर्शिता एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों से जवाब मांगा गया है, जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है। यहां एक जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री को मॉडल टाउन के एक निजी विद्यालय के बारे में शिकायत मिली कि वह कथित तौर पर फीस बढ़ा रहा है और विद्यार्थियों को निष्कासित कर रहा है।

गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में इस घटना को साझा करते हुए कहा, आज मॉडल टाउन स्थित क्वीन मैरी स्कूल से जुड़ा मामला सामने आया, जहां अभिभावकों ने अनुचित फीस वसूली और विद्यार्थियों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत की।



मुख्यमंत्री ने एक अधिकारी से बात की और उन्हें मॉडल टाऊन के क्वीन मैरी स्कूल का पंजीकरण तत्काल रद्द करने का निर्देश दिया।

इस स्कूल की ओर से इस पूरे प्रकरण पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

इस विद्यालय की एक छात्रा के माता-पिता ने आरोप लगाया कि विद्यालय ने पिछले साल अपनी फीस अचानक बढ़ा दी। उन्होंने कहा, जब हमने अतिरिक्त राशि देने से इनकार कर दिया, तो स्कूल ने मेरी बेटी को पुस्तकालय में बिठा दिया और उसे किसी भी कक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को गलत तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों से निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है और किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी।

गुप्ता ने कहा, हमारी नीति किसी भी तरह के अन्याय, शोषण या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है - किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है कि हर बच्चा न्याय, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हकदार है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली सरकार शिक्षा में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

# संपादकीय

## राजनीतिक मतभेद भुला प्राथमिकताएं तय हों




यह विडंबना ही है कि पंजाब में आसन्न चुनौतियों को नजरअदांज करके राजनीतिक लाभ के लिये गैरजरूरी गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मान सरकार द्वारा विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज करना, एक अनाश्यक राजनीतिक उकसावा ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से यह प्रकरण एक अनुचित समय पर हुआ है। आज एक बार फिर पंजाब दोराहे पर खड़ा है, जहां उसे उन ताकतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने अतीत में राज्य को भयावह संकट में धकेल कर अमन-शांति को ग्रहण लगाया था। इन ताकतों के खतरनाक मंसूबों को गंभीरता से महसूस किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में ग्रेनेड हमलों की श्रृंखला शासन-प्रशासन के साथ आम लोगों को व्यथित किए हुए है। ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधि के खिलाफ समय रहते सामूहिक संकल्प लेने की सख्त जरूरत है। इस वक्त पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में जिम्मेदार नेतृत्व की सख्त जरूरत है। यह समय नहीं है कि राजनीतिक लाभ-हानि के गणित को दृष्टिगत रखकर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ दिखाई जाए। यदि पंजाब में सिर उठा रही आतंकवाद की नई चुनौती के खतरे को गंभीरता से लेने की बजाय, अभद्र भाषा की टिप्पणियों को प्राथमिकता दी जाएगी तो राज्य का बहुत कुछ दांव पर लगेगा। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि इस राजनीतिक विवाद में पुलिस को घसीटा जा रहा है। ऐसे चुनौती वाले समय में जब पुलिस का मनोबल बढ़ाकर उसकी पूरी ऊर्जा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर केंद्रित करने की जरूरत है, जो राज्य को फिर से अतीत के उस काले दौर की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उबरने में पंजाब के लोगों ने भारी कीमत चुकाई थी। कोई नहीं चाहेगा कि राज्य को फिर उस भयावह दौर से गुजरना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के समक्ष मौजूदा चुनौतियों और हिंसक अतीत को दृष्टिगत रखते हुए राजनीति प्रतिष्ठानों से संवेदनशील मामलों में संयमित और सावधान प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन विडंबना है कि नये सिरे से पंजाब की शांति को भंग करने की कुत्सित कोशिशों के प्रति राजनीतिक दलों द्वारा गंभीर प्रतिसाद नहीं दिया जा रहा है। हाल के दिनों में राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की सतही बयानबाजी से तो ऐसा नहीं लगता है कि राजनेताओं द्वारा चुनौतीपूर्ण स्थितियों में परिपक्वता का व्यवहार किया जा रहा हो। सवाल है कि क्या कांग्रेस नेता बाजवा को अपने बयानों को अभिव्यक्त करने में अधिक सावधान नहीं रहना चाहिए था ? निस्संदेह, उन्हें गंभीरता व परिपक्वता का परिचय देना चाहिए था। सवाल यह भी है कि उनके बयानों के जबाव में क्या सरकार की ओर से मामला दर्ज किया जाना चाहिए था ? निश्चित रूप से नहीं दर्ज किया जाना चाहिए था। सत्तापक्ष और विपक्ष की कारगुजारियों को देखकर निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि दोनों की तरफ से मौजूदा परिदृश्य में प्राथमिकताएं निर्धारित करने में गलती की जा रही है।

# मोदी का नया मंत्र: देरी विकास का दुश्मन



» उमेश चतुर्वेदी

लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की।



अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है।

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया।

लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया।

# मुद्दा

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि नहीं चेते तो अंजाम और भी बुरे होंगे!

» कमलेश पाण्डेय

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भड़काई गई सुनियोजित हिंसा से यदि हमारा प्रशासन समय रहते ही नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अंजाम और भी बुरे होंगे, इतिहास इसी बात की चुगली कर रहा है! यह नसीहत क्रूर वक्त हमें बार-बार दे रहा है, लेकिन हमलोग ऐसे घिसे पिटे आदर्शवादी हैं कि उसे समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं इसलिए आज मैं इतिहास की अंगड़ाई में सुलगते हुए वर्तमान के कुछ कटु सत्य को उद्घाटित कर रहा हूँ ताकि हमारे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा टूटे और वो विधि-व्यवस्था के लिहाज से अपने मौलिक कर्तव्य न भूलें।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन पहले मुस्लिम आक्रान्ताओं ने और फिर ब्रिटिश नौकरशाहों ने अपने-अपने प्रशासनिक स्वार्थ की प्रतिपूर्ति के लिए ऐसी-ऐसी अव्यवहारिक नीतियों को कानूनी अमली जामा पहनाया, जिससे हिन्दू समाज जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर गया और कभी मुस्लिम अधिकारी तो कभी ईसाई अधिकारी और उनके पिट्ठू लोग हिन्दुओं पर हावी होते चले गए। इसी कड़ी में सांप्रदायिक, जातीय और क्षेत्रीय हिंसा को अघोषित प्रशासनिक एजेंडे के तौर पर बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, कभी प्रशासनिक उदासीनता तो कभी पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए संगठित अपराध को बढ़ावा दिया गया, जिससे विधि व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती चली गई।

इसी स्थिति से निजात पाने के लिए देश में आजादी की लड़ाई तेज हुई और साम्पदायिक विभाजन तक की नौबत आई इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम दंगे भी खूब हुए। लेकिन भारत के गाँधी-नेहरु जैसे अव्यवहारिक आदर्शवादी राजनेताओं ने आजाद भारत में हालत बदलने के उलट उन्हीं घिसे-पिटे कानूनों को भारतीयों पर थोप दिया, जो आज तक अशांति का सबब बन चुकी हैं। पहले कांग्रेसियों, फिर समाजवादियों और अब राष्ट्रवादियों ने ढोंगी धर्मनिरपेक्षता की तो खूब बातें कीं, लेकिन अपने कुत्सित जातीय, क्षेत्रीय और सांप्रदायिक एजेंडे से आगे की कभी नहीं सोच पाए।

मसलन, बहुमत की आड़ में शांतिप्रिय सत्ता परिवर्तन भी सुनिश्चित हुआ, लेकिन विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका से जुड़े लोग मुगलिया और ब्रितानी प्रशासनिक लापरवाहियों से कोई सबक नहीं सीख पाए।

हद तो यह कि न्याय के नाम पर मामलों को वर्षों तक लटकाने वाली न्यायपालिका, नेताओं के इशारों पर उलटे-सीधे कार्य करने की अभ्यस्त हो चली कार्यपालिका और नेताओं-कारोबारियों की अघोषित सांठगांठ से जहाँ सत्ताधारी जमात मौज में रहता आया है, वहीं आम आदमी सुपोषण योग्य भोजन, अच्छी शिक्षा और चिकित्सा सुविधा, जन-सुरक्षा के लिए मोहताज है। एक ओर देश के अमनपसंद आमलोग जहाँ रोटी, कपड़ा और मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सम्मान की प्राप्ति के लिए आरक्षण को अचूक हथियार समझ बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर 1947 में पाकिस्तान और 1972 में बंगलादेश लेने वालों के वंशज ब्रेक के बाद भारतीय भूभाग पर सांप्रदायिक तांडव मचा रहे हैं और नेताओं की नीतिगत लापरवाहियों से हमारा सिविल और पुलिस प्रशासन असहाय बना रहता है। हैरत की बात है कि कभी ये लोग दलित-मुस्लिम समीकरण तैयार करवाते हैं तो कभी मुस्लिम-ओबीसी समीकरण को फंडिंग करवाते हैं।


वहीं इसी की आड़ में अभिजात्य मुसलमान विदेशों से हवाला के जरिए फंडिंग लेकर देश में पाकिस्तान-बांग्लादेश के ही नहीं बल्कि अरब देशों के हमदर्द पैदा करते हैं।

# पर्सनालिटी

## अमेरिका के पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन, संघर्षों में बीता था जीवन

» अनन्या मिश्रा

आज ही के दिन यानी की 15 अप्रैल को अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वॉशिंगटन में गोली मारकर हत्याकर दी थी। वह पहले रिपब्लिकन थे, जो अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। अब्राहम लिंकन का बचपन संघर्षों में बीता था। वहीं उनको अमेरिका के राष्ट्रपति के पद तक पहुंचने के लिए बहुत ही संघर्षों को सामना करना पड़ा था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और परिवार

अमेरिका के हार्डिन काउंटी, केंटकी में 12 अप्रैल 1809 को अब्राहम लिंकन का जन्म हुआ था। इनका बचपन आसान नहीं रहा, जब वह 10 साल के थे तो उनकी मां की मृत्यु हो गई। जिसके बाद वह अपने पिता के साथ केंटकी से इंडियाना आ गए। लिंकन ने पढ़ाई करने के लिए फर्म में काम करना शुरू किया, दीवारों में बाड़ लगाई और इलिनोइस के स्टोर में भी काम किया। बताया जाता है कि उनको पढ़ने का इतना शौक था कि वह रोड में लैंप पोस्ट के नीचे पढ़ते थे।

### राजनीति में प्रवेश

शुरूआती संघर्षों के बाद अब्राहम लिंकन वकील के रूप में काम करने लगे और फिर बाद में उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। साल 1858 में उन्होंने सीनेटर के लिए स्टीफन ए डगलस के खिलाफ चुनाव लड़ा, जिसमें उनको हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इस चुनाव में हार मिलने के बाद भी वह पूरे देश में फेमस हो गए। जिसका फायदा यह हुआ कि 1860 में उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन नामांकन जीता। फिर 1860 में वह पहले रिपब्लिकन थे, जो अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी को एक मजबूत राष्ट्रीय संगठन बनाया। फिर 01 जनवरी 1863 को लिंकन ने मुक्ति की उद्घोषणा जारी की, इस उद्घोषणा में गुलामों को हमेशा के लिए आजाद करने का ऐलान किया गया था। इसके बाद 04 मार्च 1864 में दोबारा फिर से अब्राहम लिंकन को अमेरिका का राष्ट्रपति चुना गया।

### मृत्यु

गृह युद्ध के खत्म होने पर 14 अप्रैल गुड फ्राइडे को एक समारोह रखा गया था। इस समारोह में शिरकत के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन वाशिंगटन डीसी के फोर्ड थिएटर में पहुंचे। यहां पर एक्टर जॉन विल्कीस बूथ ने अब्राहम लिंकन को गोली मार दी गई। जिसके बाद आनन-फानन अब्राहम लिंकन को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां पर 15 अप्रैल 1865 को अब्राहम लिंकन की मृत्यु हो गई।

# आज का इतिहास

### महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1917 - पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह, रूस में अस्थायी सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय द्वारा सिंहासन एवं देश का त्याग।

1999 - पाकिस्तान ने भारत को हराकर कोका कोला कप त्रिकोणीय टूनार्मेंट (शारजाह) जीता, न्यू माइक्रोव नामक सबसे बड़े आकार के जीवाणु का सं.रा. अमेरिका में पता चला, अद्बैलाजीज बोतेफि ्लका अल्जीरिया के नये राष्ट्रपति बने।

2002 - दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना में 120 मरे।

2004 - भारत में रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हराकर दोनों देशों के बीच आयोजित श्रृंखला 2-1 से जीती।

2008 - उत्तर प्रदेश में लोकसभा के पाँच सीटों (आजमगढ़, खलीलाबाद, बिलग्राम, कुरनैलगंज तथा मुरादाबाद) के लिए हुए उप चुनाव में बसपा के प्रत्याशी विजयी रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के पावर फायनान्स कार्पोरेशन (पीएफसी) ने वर्ष 2007-08 में 1209 करोड़ का शुछ मुनाफा अर्जित करने के साथ ही चाजू वित्त वर्ष में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 69,498 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की।

लेसेस्टर सिटी काउंसिल (लंदन) ने इस बहुसांस्कृतिक शहर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने को मंजूरी प्रदान की।

2010 - ब्रिक सम्मेलन के बाद जारी साझा बयान में ब्रिक के सदस्य राष्ट्रों ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत-ब्राजील की महत्त्वपूर्ण भूमिका और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाले सुधार पर बल दिया।

2013- भारतीय रेल 160 साल की हुई। गूगल ने अपना डूडल (लोगो) भारत की पहली यात्री रेल को समर्पित किया है। इस लोगो में धुआं उड़ाती रेलगाड़ी खजूर के पेड़ों से घिरे रेलमार्ग पर चलती दिख रही है और इन दोनों का मेल गुंबद और मीनार से बने महल जैसा लग रहा है।

### 16 अप्रॅल को जन्मे व्यक्ति

1995 - सरिता मोर - भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं।

1978 - लारा दत्ता - भारतीय अभिनेत्री हैं।

1969 - एस. सौम्या - कर्नाटक संगीत की प्रसिद्ध गायिका हैं।

1961 - जारबोम गारलिन - भारतीय राजनीतिज्ञ और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।

1940 - बनवारीलाल पुरोहित - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।

1934 - राम नाईक, एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, जो उत्तर प्रदेश के वर्तमान राज्यपाल हैं।



1919 - अर्जन सिंह - भारतीय वायु सेना के सबसे वरिष्ठ और पांच सितारा वाले रैंक तक पहुँचने वाले एकमात्र मार्शल थे।

1913 - के. एच. आरा - भारत के प्रसिद्ध चित्रकार थे।

1848 - कंदुकूरी वीरेशलिंगम - तेलुगु भाषा के प्रसिद्ध विद्वान, जिन्हें आधुनिक तेलुगु साहित्य में गद्य ब्रह्मा के नाम से ख्याति मिली।

### 16 अप्रॅल को हुए निधन

1951 - अद्वैत मल्लबर्मन, प्रसिद्ध बांग्ला लेखक

1961 - रणधीर सिंह - प्रसिद्ध सिख नेता और क्रांतिकारी थे।

1966 - नंदलाल बोस - भारत के एक प्रसिद्ध चित्रकार

2011 - ब्रिगेडियर भवानी सिंह, महावीर चक्र विजेता

### 16 अप्रॅल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

रेल सप्ताह

फायर सर्विस सप्ताह

भारतीय रेल परिवहन दिवस (1853)

# भीमराव अंबेडकर जयंती की धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी:** डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से डॉ. आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम मौलागढ़ में शोभायात्रा निकाली गई। शाम को जनसभा के आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। गुरुवार को ग्राम मौलागढ़ के आंबेडकर पार्क से समिति की ओर से शोभायात्रा का आरंभ फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा में बाबा साहब सहित अन्य महापुरुषों के स्वरूप में सजे कलाकार सिंहासन पर विराजमान थे। शोभायात्रा में चल रहे डीजे की धुन पर युवक नृत्य कर रहे थे। काफी संख्या में युवकों के साथ हाथ नीले झंडे थे।

शोभायात्रा में काफी संख्या में लोग साथ-साथ चल रहे थे और शोभायात्रा का आनंद ले रहे थे। आंबेडकर पार्क से आरंभ होकर शोभायात्रा बहजोई रोड व ग्राम मौलागढ़ का भ्रमण किया। इसके बाद आंबेडकर पार्क में जनसभा आयोजित की गई। जिसमें बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हुकम सिंह, महासचिव कपिल देव, कोषाध्यक्ष पिंटू सिंह, उपाध्यक्ष अनिकेत कुमार, सदस्य एड. रविन्द्र कुमार सिंह, दलवीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रवि शंकर, रामौतार सिंह, अमर कुमार, कुलदीप कुमार, करतार सिंह, मोहित कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार, सिद्धार्थ कुमार, अरविंद कुमार, आकाश सागर, ललित कुमार, कौशल कुमार, मोनू कुमार, टीटू कुमार, राहुल किशोर, गौरव कुमार, विशाल कुमार, शोभित



कुमार, विकास कुमार, राजकुमार, सोमनाथ कुमार, राजेश कुमार, उमेश कुमार, रोहित कुमार, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द



» सब का सपना संवाददाता

**संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार व थाना प्रभारी हयातनगर चमन सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में चल रहे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुरुवार को थाना हयातनगर पर अनुज कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम फत्तेहपुर थाना हयातनगर जनपद सम्भल व अतुल पुत्र राजवीर सिंह निवासी उपरोक्त ने मय एक बच्चा उम्र करीब 09 वर्ष जो अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था और न ही मुंह से कुछ बोल रहा था जो ग्राम फत्तेहपुर में घूमता मिला के साथ थाने आये। उक्त के सम्बन्ध में थाना प्रभारी व सम्बन्धित चौकी इंचार्ज को अवगत कराया गया तथा तत्काल थाना हयातनगर से थाना प्रभारी द्वारा अविलम्ब एक टीम का गठन (उपनिरीक्षक राजकुमार, महिला उपनिरीक्षक रितु गिरी, आरक्षी सचिन कुमार त्यागी, एच. एम. मुख्य आरक्षी मौ0 सलीम) किया गया व बच्चे के परिजनों को तलाश करने हेतू आस पास के लोगों व सोशल मीडिया/उउळश के माध्यम से जानकरी की गयी व काफी प्रयास करने के बाद बच्चे के परिजनों अजब सिंह पुत्र गंगाराम जाटव निवासी ग्राम ब्लाक के पास पंवासा थाना बहजोई जनपद सम्भल को तलाश किया गया। जिसे सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### बच्ची को पाकर परिजनों का खिला चेहरा



» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी।** संभल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक सिद्धू व थाना प्रभारी चन्दौसी मोहित बालियान के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में चल रहे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुरुवार को मालगोदाम रोड पर रेलवे स्टेशन व डबल फाटक के मध्य रास्ते पर एक बच्ची जो अपना नाम ज्योति पुत्री उमाशंकर उम्र करीब 05 वर्ष तथा माता का नाम लक्ष्मी व भाई का नाम रोहित बता रही है, लावारिस घूमती हुई मिली है जो अपना पता केवल दिल्ली बता रही है जिसे मोनू यादव पुत्र स्व0 राजकुमार नि0 आवास विकास चन्दौसी द्वारा थाने पर लाया गया था। बच्ची से जानकारी करते हुए बाजार में तथा सोशल मीडिया के माध्यम के माध्यम से बच्ची की पहचान द्वारा व030नि0गिरीशपाल सिंह व म0कां0 ,ललिता द्वारा करायी गई तो कचहरी के पास बच्ची की दादी रामवती पत्नी कररू नि0 आलपुर थाना बहजोई सम्भल के द्वारा पहचान की गई। बच्ची के पहचान जाने पर बच्ची को उसकी दादी रामवती के सकुशल सुपुर्द किया गया।। इस दौरान बच्ची के परिजन अपने छोटी बच्ची को सकुशल पाकर काफी प्रसन्न हुए एवं उनके द्वारा पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा भी की गयी।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने ली वैठक

**साफ सफाई फॉगिंग एंटी लार्वा के छिड़काव में लापरवाही मिलने पर सहायक विकास अधिकारी रहरा का जिलाधिकारी ने मांगा स्पस्टीकरण**



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग अभियान के सम्बन्ध में वैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नोडल अधिकार रियों से संवेदनशील ग्रामों की साफ सफाई फॉगिंग एंटी लार्वा दवा का छिड़काव सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है या नही जानकारी ली। देहरी गुर्जर फतेहपुर खुर्द में साफ सफाई छिड़काव फॉगिंग न कराये जाने की रिपोर्ट मिलने पर सहायक विकास अधिकारी रहरा का स्पस्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विकास खंड जोया में लोगों को संचारी रोगों की अभियान की जानकारी न होने पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि moic रिपोर्ट देंगे कि साफ सफाई हुई या नहीं । जिलाधिकारी ने संवेदन शील ग्रामों में दस्तक अभियान के तहत कितने आशाओं द्वारा सर्वे किया गया और कितने केस मलेरिया डेंगू और सामान्य फीवर टीवी के निकले जानकारी ली। गंभीरता से सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने कहा की बेसिक शिक्षा और माध्यमिक विभाग के विद्यालयों में सभी बच्चों को संचारी रोगों के बारे में जगरूकता किये जाने के निर्देश दिये। कहा कि रेगुलर बच्चों को बताएं। जिलाधिकारी ने कहा कि हीट वेव से सम्बंधित सभी प्रबन्ध सभी कार्यालयों में हों। पानी की व्यवस्था अश्यक हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कुपोषित बच्चों को

■ **मच्छर भगाने के लिए डाली जाए गेम्बुसिया मछली , सहायक निदेशक मत्स्य को कितने तालाब हैं उसकी एरिया की सूची प्रस्तुत कर खंड विकास अधिकारी सुनिश्चित कराएं आवश्यक व्यवस्थाएं : जिलाधिकारी**

अधिक से अधिक चिन्हित कर NRC में भर्ती कराया जाए । संचारी रोग अभियान विभागों द्वारा करायी जाने वाली कार्यवाही की रिपोर्ट न प्रस्तुत करने वाले विभागों का स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये । जिलाधि कारी ने कहा कि संवेदन शील ग्रामो का moic और खंड विकास अधिकारी निरीक्षण करें और त्वरित इलाज की सुविधा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायती राज और सभी नगर निकायों में साफ सफाई फॉगिंग एन्टी लार्वा दवा का छिड़काव प्राथमिकता से कराया जाय इसमे कोई लापरवाही न हो । मच्छर भगाने के लिए गेम्बुसिया मछली डाली जाय सभी इऊ्ड सहायक निदेशक मत्स्य को कितने तालाब हैं उसकी एरिया क्या है इसकी सूची दे दें । और इससे सम्बन्धित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और स्वास्थ्य के moic व डॉक्टर मौजूद रहे।

# बाबासाहेब ने सर्वसमाज में समरसता के लिये किया आजीवन कार्य: नरेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य



» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी।** मंगलवार को अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बार रूम सभागार जनपद न्यायालय चन्दौसी में समरसता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक समरसता हमारे संविधान की मूलभावना है इस बिषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र कुमार बिंद्रा प्राचार्य स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज ने भारत माता एवम बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता नरेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य चन्दौसी इंटर कालेज चंदौसी ने कहा कि बाबासाहेब ने सर्वसमाज में समरसता के लिये आजीवन कार्य किया। संविधान के निर्माण के समय भी उन्होंने भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता को संविधान में विशेष स्थान दिया। हम सबको बाबासाहेब द्वारा लिखे साहित्य को पढना चाहिये ताकि भ्रांतिया दूर हो सके। बाबा साहब ने कहा था हम आदि से अंत तक भारतीय हैं।डॉक्टर नरेंद्र कुमार बिंद्रा ने बताया कि डॉक्टर आम्बेडकर को कानून के साथ साथ भारतीय साहित्य और भारतीय संस्कृति का वृहद ज्ञान था जिसकारण उन्होंने कानून के साथ अन्य विषयों में भी महारत हासिल कर ली थी।विनोद शर्मा ने कहा कि हमारे देश से जातिगत वैमनस्यता लगभग समाप्त हो गयी है और हम सब मिलजुलकर देश के विकास में कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन विभोर बंसल व विकास मिश्रा ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीगोपाल शर्मा ने की। इस दोरान विनोद शर्मा, राहुल दीक्षित, प्रवीण गुप्ता, अमरीश अग्रवाल, विष्णु शर्मा, बंटी लाल सागर ,सोनू गुप्ता, प्रेमप्रकाश, विनीत शर्मा, संचित कुमार सैनी, मंजू रानी, , मोहर सिंह, विनोद सिंह, किरण शर्मा रानी, रामवीर पाल, शुभम प्रताप, अनुराग सिंह, आकाश मिश्रा, विक्रम सिंह, इंतजार,अरुण कुमार, प्रमोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारियों ने जनसुनवाई कर किया समस्याओं का निस्तारण



» सब का सपना संवाददाता

**भगतपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में जनपद के थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। उक्त जनसुनवाई के अंतर्गत थाना प्रभारी भगतपुर, थाना प्रभारी भोजपुर, दुवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनसमस्याओं को सुना तथा तत्काल समस्या निस्तारण किया गया। तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये।

# आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का किया आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा विभागों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक, आईजीआरएस तथा हैल्प लाइन में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारी स्पेशल क्लोज को लेकर कारण को स्पष्ट लिखें, वास्तविक कारण



को लिखें। 16 अप्रैल को समस्त संबंधित विभागों के कम्प्यूटर ऑपरेटर की इस संबंध में एक बैठक बुलायी जाए। जिलाधिकारी ने ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि डीपीएमयू की टीम के साथ जो लोग आईजीआरएस के निस्तारण से असंतुष्ट है उनसे वार्ता करें कि वह क्यों असंतुष्ट हैं। सभी अधिकारियों के दो दो असंतुष्ट लोगों से वार्ता की जाए। लंबित संदर्भों को लेकर जिन विभागों एवं अधिकारियों के लंबित संदर्भ है, उन पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 2 एवं 3 अप्रैल 2025 को उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र के हिवरे बाजार एवं रालेगण सिद्धि गयी 15 सदस्यीय टीम द्वारा वहाँ जल संरक्षण, स्प्रिंकलर सिंचाई, वाटरशेड प्रबंधन, कृषि, उद्यान पशुपालन एवं आजीविका संवर्धन आदि पर क्या अनुभव प्राप्त किये उनको बैठक में साझा किया।

# सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का किया आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**सम्भल बहजोई।** मंगल वार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार ने विभिन्न विभागों की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक एवं उनकी विकास प्रगति को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति,उद्यान विभाग की पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना को लेकर चर्चा की गयी। जिला उद्यान अधिकारी को आच्छादन बढाने के निर्देश दिए। दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी विद्युत बिल में सुधार पर चर्चा की गयी। कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि रक्षा रसायन,



पीएम किसान सम्मान निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, फसल अवशेष प्रबंधन योजना पर चर्चा की गयी। खेत तालाब पर फोकस करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। आरईडी विभाग के अन्तर्गत भवन निर्माण को लेकर कम रैंक आने पर आर ई डी विभाग के अधिशासी अभियंता को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एम्बुलेंस सेवा 102 के अन्तर्गत कम रैंक आने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सचेत किया गया तथा सीटी स्कैन के अन्तर्गत रैंक कम आने पर सीएमएस को भी सचेत किया गया। जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत कम रैंक को लेकर जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता को चेतावनी जारी की गयी। फैमिली आईडी को लेकर सोशल सेक्टर से संबंधित विभाग कार्य करें। जिला पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत आर.आर. सी एवं कूड़ा कलेक्शन में सुधार करने के एवं ग्रे वाटर तथा ब्लैक वाटर प्रबंधन को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रोजेक्ट अलंकार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इनके अतिरिक्त दुग्ध भुगतान की स्थिति, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक वनीकरण, पशुधन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आदि पर भी चर्चा की गयी। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विनोद कुमार गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ बी आर अंबेडकर पथरा में धूमधाम से मनाई बाबा साहब की 134 वीं जयंती

» हनी चन्द्रा/सब का सपना



**चंदौसी/संभल।** चंदौसी सोमवार को नगर के ग्राम पथरा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में बाबा साहब की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ,लेखपाल राजीव पाठक एवं प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी ने संयुक्त रूप से डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित करके किया ।साथ ही राजीव पाठक ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा के बाबा साहब ने हमेशा सभी को बराबर का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया वहीं विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने कहा के संविधान निमार्ता बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल को हर वर्ष धूमधाम से मनाई जाती है उन्हें संविधान निमार्ता इसलिए कहा जाता है क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान रहा साथ ही दलित समाज के लिए भी बाबा साहब ने महत्वपूर्ण कदम उठाए विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान लिखने में अहम भूमिका निभाई जिससे आज भी देश चल रहा है और सभी को विशेष तौर पर महिलाओं को समान शिक्षा एवं अधिकारों का अवसर मिल रहा है उन्होंने बच्चों को बाबा साहब के तीन मूल मित्रों पर चलने का संकल्प दिलाया।शिक्षक प्रवीन कुमार ने कहा बाबा साहब का जन्म मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था।

आर्थिक और सामाजिक भेदभाव यहां तक कि स्कूल कॉलेज से लेकर नौकरी तक में उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा परंतु बाबा साहब ने हार नहीं मानी बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन और सफलता की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है।उप प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने कई बार मंच से ऐसे भाषण और विचार व्यक्त किए जिससे प्रेरित होकर युवा जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं।शिक्षक सत्यपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, शिव गणेश शर्मा, सुभाष गौतम सीमा अग्रवाल आदि ने भी अपने-अपने बाबा साहब के बारे में विचार व्यक्त किए' इस दौरान नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह ,शिव गणेश शर्मा ,रंजीत कुमार ,सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल क्षमता ,आभा रानी, सुशीला, आरती सिंह, शालू, इशिका, दुर्गेश नंदिनी कमलजीत कौर ,रंजीत कौर, गीता आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धनौरा में विकास कार्यों की बहेगी ब्यारः प्रवीण अग्रवाल



**धनौरा।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद में पालिका बोर्ड की बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में 22 करोड़ से अधिक की राशि से होने वाले विकास कार्यों के लिए बजट पेश किया गया।इस पर बैठक में मौजूद सभासदों ने प्रस्ताव को लेकर सर्वसम्मति सहमति जताई। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस बजट की राशि से नगर में जल्द ही विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।बैठक में 22 करोड़ 70 लाख 87 हजार 616 रुपये की राशि का बजट पेश किया गया।इस पर सभासदों ने सहमति जताई।पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा शहर में टंकी रिपेयरिंग कराने के साथ पालिका की आय बढ़ाने को लेकर रिक्शा व ठेले वालों से यूजर टैक्स वसूलने की बात कही गई।बैठक में वार्ड 23 के सभासद ने अपने वार्ड में अभी तक कोई भी विकास कार्य न कराए जाने की बात कही जिस पर पालिका अध्यक्ष ने जल्द ही वार्ड में विकास करने की बात कही बैठक में सभासदों द्वारा पालिका की आय बढ़ाने को लेकर शहर के लोगों द्वारा कार पार्किंग करने पर उन पर टैक्स लगाए जाने को कहा। सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी।साथ ही सभी स्थानों पर सड़क नाली व पथ प्रकाश की व्यवस्था भी दुरुस्त होगी ।बैठक में इस अवसर पर ईओ अवधेश कुमार वर्मा,उमेश कुमार,सोनू पिवाल,सभासद राजू बादशाह,दुलीचंद गिहार, प्रशांक त्यागी,गौरव धारीवाल,मंजीत कौर,नूतन रानी, सरस्वती गोयल, राजीव दीक्षित,मयंक गुप्ता, आलम शेख, नौशाद मंसूरी गुरुचरन सिंह सहित आदि सभासद मौजूद रहे।

### बीजेपी शिविर कार्यालय पर बैठक हुई आयोजित

**टूंडला।** जनपद के एटा रोड टूंडला स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।जिसमें आगामी 20 अप्रैल 2025 को आयोजित हो रही बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर जी के जीवन पर गोष्ठी व आगामी 26 अप्रैल 2025 को एक राष्ट्र एक चुनाव विषयांतर्गत आयोजित हो रहे प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के निमित्त सारे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, पूर्व जिला संयोजक शिव शंकर शर्मा, पूर्व जिला संयोजक सुरेंद्र सावन झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मनप्रीत सिंह , सत्येंद्र यादव सेटी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मंत्री बेबी रानी मौर्य का स्वागत

**टूंडला।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार में बाल विकास, पुष्टाहार एवं महिला कल्याण विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य का जनपद फिरोजाबाद के गांव गोथूआ में बाबा साहब डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में पहुंची कार्यक्रम से पूर्व ही एटा रोड टूंडला स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह तथा कार्यकताओं द्वारा पटका पहनाकर व बुके भेंट कर मंत्री बैबीरानी मौर्य का भव्य स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह, मंडल महामंत्री ब्रजवीर सिंह चौहान, गोथूआ शक्ति केंद्र संयोजक चक्रेश प्रताप सिंह, शशांक प्रताप सिंह, पवन चक, विकास वाल्मीकि, आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाबा साहब के जन्मोत्सव पर कर्मचारी संघ ने आयोजित किया विराट कवि सम्मेलन

**फिरोजाबाद।** आयुध उपस्कर निमार्णी हजरतपुर में ओ.ई .एफ. कर्मचारी संघ हजरतपुर द्वारा संविधान निमार्ता ,ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व ,भारत रत्न डॉ0भीमराव अंबेडकर जी के 134 वें जन्मोत्सव के अवसर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया ।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अमित सिंह व महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा नीलम सिंह ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण व ज्योति प्रज्वलित कर की।

# जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**लापरवाही पर खंड शिक्षा अधिकारियों और अकाउंटेंट पर नाराजगी व्यक्त कर अग्रिम आदेशों तक बेतन पर लगाई रोक**



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहाः** जिलाधिकारी मती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कायाकल्प बच्चों का नामांकन मिड डे मील निपुण विद्यालय सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग कार्यों से अंसतुष्ट होकर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी कार्यवाही बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही की हिदायद दी।

कायाकल्प के तहत सभी पैरामीटर में कार्य हो जाए इसका प्रमाण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति ठीक नहीं है इसको सुधारा जाय । जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम है उन अध्यापकों पर कड़ी कार्यवाही किया जाए ।बच्चों की उपस्थिति के सापेक्ष मिड डे मील मिले गलत रिपोर्ट न प्रस्तुत करें।जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग न किया जाए लापरवाही पर सम्बन्धित पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

निरीक्षण के पश्चात कमी मिलती है लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं कि जाती है यह बड़ी लापरवाही है ।कहा कि जितनी संख्या पंजीकृत है बच्चों की उसी संख्या को मिड डे मील मिले अन्यथा खैर नहीं होगी ।कहा फर्जी रिपोर्ट यदि मिली तो कार्यवाही के लिए तैयार रंहे।जिलाधिकारी ने मिड डे मील में खर्च किये जाने वाले प्रतिमाह खर्च की जानकारी ली। कहा कि

पी एम श्री में शत प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कलर फुल आकर्षक और सौन्दरी कृत हों डिजाइन ठीक ठाक हो। संतोष जनक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिये ।जिलाधिकारी ने पी एमश्री फेस वन और फेस टू कंपोजिट ग्रांट इसी प्रकार सभी मिला पैसा जब तक खर्च न हो जाए तब तक अकाउंटेंट का बेतन रोकने के निर्देश दिए। बेसिक कार्य खिड़की दरवाजा पेंटिंग के लिए दिये गए पैसे को देखें कि उसका सदुपयोग हो ।सही जगह पैसा लगाया जाये । खंड शिक्षा अधिकारी ध्यान दें जिम्मेदारी फिक्श की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शौचालय मल्टीपल हैंडवाश गेट विहीन बाउंड्री वाल की जानकारी ली। और काया कल्प के सभी पैरामीटर में शतप्रतिशत संतृप्ति करण कराए जाने के निर्देश दिए। पुनर्निर्माण का जो कार्य विद्यालयों का कराया जा रहा है उसमें कोई लापरवाही न हो गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया जाए अन्यथा खंड शिक्षा अधिकारी और सम्बन्धित कर्मचारी की जिम्मेदारी फिक्श कर कठोर कार्यवाही की जाएगी। कस्तूरबा के लापरवाह वार्डेन सफाई कर्मी प्रिंसिपल पी आर डी पर कठोर कार्यवाही किया जाए। ज्यादा लापरवाही पर वहां से हटाया जाए। बच्चों से कोई खिलवाड़ न हो यह सुनिश्चित किया जाए। कस्तूरबा में किस मद में कितना खर्च किया गया इसकी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रस्तुत करें ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बजरंगी सनातन समूह ने कराया हवन और भंडारा





» हनी चन्द्रा/सब का सपना

**चन्दौसी/सम्भल।** मंगलवार को सीता रोड स्थित संस्कृत महाविद्यालय गीता सत्संग भगवन के नजदीक स्कूल परिसर में बजरंगी सनातन समूह द्वारा रघुनाथ आश्रम में युवाओं द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ का आरम्भ किया गया। वहीं 1 बजे से भण्डारे का आयोजन किया गया। यहां बताते चले कि बजरंगी सनातन समूह के युवाओं का समूह है जो समाज हित में कार्य करता है। समय-समय पर समूह द्वारा सामाजिक कार्य कर समाज को आगे बढाने का कार्य किया जाता है। मंगलवार को बजरंगी सनातन समूह द्वारा हनुमान मंदिर के सामने भगवान राम के मंदिर में पूजा की। फिर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस संस्था के युवा शोभायात्रा का भी आयोजन कराते हैं।यह शोभायात्रा पूरे शहर के मुख्य मार्गों पर धूमधाम से निकाली जाती है। पहली बार समूह द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं आस-पास के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान चिराग फैंसी, विशाल अग्रवाल, तुषार क्रिस्टल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चैत्र मास के मंगलवार को ललिता देवी मंदिर मे उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

» सौरभ गोस्वामी/सब का सपना



गजरौला /अमरोहाः मंगलवार को श्रद्धालुओं ने स्थानीय ललिता देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। वही बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर अपने नंबर का इंतजार किया।

गौरतलब है कि चैत्र माह में हर मंगलवार को शहर के प्राचीन सिद्ध पीठ ललिता देवी मंदिर पर मेले का आयोजन होता है। मंगलवार को मंदिर में पूजा अर्चना करने को तड़के से ही श्रद्धालुओं की भी उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी के दर्शन किए व प्रसाद वितरित कर परिवार में सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की। मान्यता है कि ललिता देवी मंदिर में संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है।

धक्कामुक्की के बीच श्रद्धालु किसी तरह मंदिर परिसर में पहुंचे, शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में आए श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के बाद मंदिर परिसर में ही अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराते हुए प्रसाद भी वितरित किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी मौके पर तैनात रही।

# गांव मंझावली में निकाली बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा

» सब का सपना संवाददाता



**चंदौसी।** मंगल वार को गांव मंझावली में बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा निकालते लोग गांव मंझावली में भी धूमधाम से मनाई गई 134 वी.आंबेडकर जयंती नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंझावली में डॉ. बाबा साहब 134वी. में जयंती धूमधाम से मनाई गई इस दौरान डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली बाबा साहब को चित्र पर पुष्प अर्पित व माला अर्पित कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया डॉ भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन को समता दिवस के रूप में बहुत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करने डॉ. आंबेडकर का जीवन दर्शन समता के सिद्धांत पर आधारित था और डॉ. भीमराव आंबेडकर के द्वारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति को समाज की धारा में लाने के लिए के किए गए प्रयासों की जितनी भी प्रशंसा की जाए उसके लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। प्राचार्य ने आंबेडकर जी के श्रमिकों, मजदूरों एवं महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के प्रति किए गए कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण एवं भारतीय संविधान के गठन में डॉ. आंबेडकर की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रारूप समिति पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों का विवेचन किया। डीजे पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे डॉ भीमराव अंबेडकर महात्मा गौतम बुद्ध ज्योतिबा फुले छत्रपति शाहूजी महाराज चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह भारत माता डीजे के साथ झांकियां निकाली छोटे बच्चों को झांकी के रूप में सजे बच्चों शोभा बढ़ रही थे।इस दौरान रघुनाथ कुमार जीरज पूरी सुखपाल गिरी गार्ड साहब मित्रपाल दिवाकर बृजेश भारती कुलवंत सिंह अध्यक्ष, अमरजीत बौद्ध, कोषाध्यक्ष, सुभाषसिंह, उपाध्यक्ष, विपिन कुमार, ग्राम प्रधान मुसब्बर अली, कार्यकर्ता सतवीर सिंह, राजवीर सिंह, सरदार जी, डॉ देवराज, चंदौसी के उपस्थित लोग मौजूद रहे एडवोकेट अशोक मौर्य रामस्वरूप बौद्ध, पुष्पा बौद्ध, पूर्व सी0ओ0 एदल सिंह आदि रहे ।इसके साथ पुलिस प्रशासन आटा चौकी भी तैनात रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक की मौत

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बल्लूखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ली टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को परिवार के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के चक्र बीरमपुर गांव निवासी जीतू रविवार रात बाइक पर सवार होकर दनकौर कस्बे से अपने गांव को लौट रहे थे बताया जाता है कि जब वह बल्लूखेड़ा गांव के पास पहुंचे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।साथ ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। घायल अवस्था में उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि इस संबंध में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई जाएगी।

### टोल प्लाजा के इंजीनियर ने कर्मचारी पर मारपीट करने का आरोप लगाया

**नोएडा।** जेवर टोल प्लाजा पर कार्यरत वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर ने एक कर्मचारी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ड्यूटी लगाने पर आरोपी कर्मचारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पहुंच कर घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा पर सुनील कुमार गुप्ता बतौर वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर कार्यरत हैं। सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कस्बे में किराये के मकान में रहते हैं। वह शनिवार को अपने कमरे में थे। इसी बीच टोल प्लाजा पर काम करने वाला कर्मचारी मनोज कुमार अपनी दो साथियों के साथ वहां पहुंचा और बिना वजह तीनों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी कर्मचारी ने ड्यूटी लगाने पर मारपीट की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी कर्मचारी और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सूचना

मैंने अपनी मूल संपत्ति का कागज खो दिया है, दिनांक 14/10/2009 हरीश चंद द्वारा कार्यकारी, सुमन यादव के पक्ष में खसरा नं. 1616 दस्तावेज नं. 5798 जिल्द नं. 1343 और दूसरी संपत्ति का विवरण बिक्री विलेख दिनांक 13/10/2009 हरीश चंद और सीमा द्वारा कार्यकारी, संगीता यादव के पक्ष में खसरा नं. 1616 दस्तावेज नं. 5799 जिल्द नं. 1343 एसआर अगर किसी को मिल जाए तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें 9818536374

भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर

# सपा कार्यकर्ताओं ने कैंप लगाकर बाबा साहेब भीमराव की शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया



» सब का सपना संवाददाता

**गुलावठीः** भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर नगर गुलावठी में समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष शहजाद अल्वी के नेतृत्व में सपा कार्यकताओं कैंप लगाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की शोभा यात्रा को जोरदार स्वागत किया एवं जल पान की व्यवस्था की जिसमें शहजाद अल्वी नगर महासचिव संदीप गौतम विधानसभा अध्यक्ष शकील अहमद जिला सचिव करीमुद्दीन सैफी जिला सचिव तरूण अग्रवाल छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष अकरम कुरैशी यूथ बिग्रेड जिला कोषाध्यक्ष जकरिया मेवाती यूथ ब्रिगेड नगर अध्यक्ष गुफरान मेवाती नगर उपाध्यक्ष इस्लामुद्दीन मेवाती अरमान कुरेशी फरमान कुरैशी दीपक शर्मा सभासद फखरुद्दीन मेवाती मेंबर मुजाहिद कबीर अल्वी सलीम चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

गुलावठी देवनागरी महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव

## अम्बेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न

» सब का सपना



गुलावठीः देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में जो योगदान दिया है, वह युगों तक स्मरणीय रहेगा। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य हरिदत्त शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संस्कृत को भारत की राष्ट्रभाषा बनाने पर जोर दिया था। उनका तर्क था कि संस्कृत पूरे भारत में एक समान बोली जाती है तथा इससे समृद्ध भारत में कोई भाषा नहीं। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश ने कहा कि हम डॉ. अम्बेडकर के विचारों को केवल जयंती तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और कार्यों में आत्मसात करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक



» सब का सपना संवाददाता

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सीएमओ डॉ सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी के अतिरिक्त अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मॉनिटरिंग एजेंसियों की फीडबैक जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि सभी विभागों की गतिविधियों में व्यापक सुधार हुआ है और सभी में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। इस पर जिला अधिकारी महोदया ने मॉनिटरिंग एजेंसियों को फोटो वीडियो के साथ मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी से जब फॉगिंग मशीनों की संख्या की जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतो के पास ही फॉगिंग मशीन उपलब्ध है। डीएम महोदया ने समस्त पंचायतों के पास फॉगिंग मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी गण को निर्देशित किया गया कि जले हुए मोबिल तेल का जल भराव वाले स्थानों में डाल कर मच्छरों के प्रजनन को रोका जाए। साथ ही सीएमओ सर से संचारी रोगों के विषय में जानकारी ली गई।

## पांच मौतों की दर्दनाक कहानी

### रात में नाती के जन्मदिन पर मना जश्न, अगले दिन पूरा परिवार नहीं रहा

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** जयपुर के मनोहरपुर दौसा राजमार्ग पर रविवार सुबह हुए हादसे में लखनऊ के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। सभी लोग कार से खाटू श्याम मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रेलर की भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में ठाकुरगंज में मुसाहिबगंज के एचसीएल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह (32), उनकी पत्नी प्रियांशी (33), बेटी श्री (छह माह), पिता सत्यप्रकाश (65) और मां रमादेवी (63) की मौत हो गई। हादसे के वक्त अभिषेक के बहनोई, बहन और उनके दो बच्चे दूसरी कार में आगे चल रहे थे। अभिषेक की चचेरी बहन निरुपमा ने बताया कि सत्यप्रकाश, पत्नी, बहू और पोती के साथ शनिवार सुबह लखनऊ से बेटी रश्मि के घर मैनपुरी में नाती का जन्मदिन मनाने के लिए पहुंचे थे। अभिषेक नोएडा से बहन के घर पहुंचे। शनिवार रात सभी ने पार्टी की। रविवार सुबह सभी खाटू श्याम मंदिर के लिए निकले। कार अभिषेक चला रहे थे। वहीं, दूसरी कार में बेटी रश्मि, दामाद मयंक, उनके दो बच्चे और चालक थे।

सुबह करीब 8 बजे जयपुर के मनोहरपुर दौसा हाईवे पर जमवारामगढ़ में गलत दिशा से आ रहे ट्रेलर से अभिषेक की कार की भिड़ंत हो गई और दोनों वाहन सड़क किनारे खंती में पलट गए। कार सवार सभी लोग गाड़ी में फंस गए।

परिजनों ने बताया कि मयंक को जब अभिषेक की कार नजर नहीं आई तो उन्होंने ससुर को कॉल की। जवाब न मिलने पर वह यूटर्न लेकर वापस लौटे तो कुछ ही दूरी पर सत्यप्रकाश की कार दुर्घटनाग्रस्त मिली।

## अंबेडकर जयंती पर स्याना में भव्य कार्यक्रम

### मध्यरात्रि से शुरू हुआ जश्न, 31 किलो का केक काटा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**बुलंदशहर :** स्याना के मोहल्ला नंदपुरी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मध्यरात्रि 12 बजे से हुई। आशीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र के सामने 31 किलो का केक काटा गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गायकों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषिपाल चौधरी व सोनी किन्नर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम की शुरूआत रहे। गणमान्य अतिथियों में अपना दल एस के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी, शब्बू चौधरी और शफीक चौधरी शामिल थे। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, समाजसेवी और नगर के प्रमुख नागरिकों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर कोई भी व्यक्ति महान बन सकता है। राजकुमार भुर्जी ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की वकालत की।

साथ ही अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सिविल सेवा, रोजगार, शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया। इस दौरान दुर्गा सिंह,रविन्द्र कुमार दिनेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद देवी सरन , विजय सिंह राजू विजेन्द्र, सतीश घसीटा राम हिम्मत सिंह, रज्जन कुमार जितेंद्र भास्कर थान सिंह विकास मोर्या, सुरेश चंद्र सुरेंद्र संदीप विट्ठू, अरविंद,डा नितिन,आदि मौजूद रहे ।

## आंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

» सब का सपना संवाददाता

**जय विहार, पश्चिमी दिल्ली।** भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को जय विहार के जी ब्लॉक में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का संयोजन सामाजिक संस्था पंचकोसी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय आरडब्लूए के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति–जनजाति विभाग के प्रतिनिधि विजय सांकला बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। पंचकोसी फाउंडेशन के




अध्यक्ष सुशील कुमार देव ने इस अवसर पर कहा, बाबा साहेब ने हमें केवल संविधान ही नहीं, बल्कि समरसता, समानता और आत्म-सम्मान का रास्ता भी दिखाया। उनका संदेश–शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी प्रासंगिक है।

संस्था के वरिष्ठ सदस्यों राजेंद्र कुमार, जितेंद्र लाल और सुनील तिवारी ने अपने संबोधन में आंबेडकर के विचारों पर चलने और सामाजिक समता के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

आरडब्लूए अध्यक्ष सुरेंद्र रावत ने कहा, ऐसे आयोजन हमें अपने महान नेताओं के विचारों से जुड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने पंचकोसी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना भी की।

कार्यक्रम में मनीष राठौर, कैप्टन कुंदन सिंह भंडारी, राजेश सेठ, प्रकाश देव, प्रमोद कुमार, शिवा, कमल यादव, मोहन झा, राजू दूबे, अभिषेक, राजकिशोर सिंह, एसके वर्मा, सनत कुमार मंडल, शेर सिंह रावत, उमाशंकर, अंकित पंडित, श्रीमती सुधा देव, अशोक श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

आखिर क्यों हैं दिल्ली की रातें खतरनाक!

## क्यों हरबार 9 बजे के बाद बढ़ते हैं सड़क हादसे?

» सब का सपना संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कें रात होते ही खतरनाक हो जाती हैं। दिल्ली पुलिस के आंकड़े के अनुसार रात 9 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक सड़क हादसों में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। यह वक्त सबसे खतरनाक होता है। इस वक्त सड़कों पर गाड़ियों की संख्या भले ही कम हो जाती हैं, लेकिन तेज रफ्तार और नशे में गाड़ी चलाने की वजह से जानलेवा हादसे होते हैं।

2024 की बात करें तो रात के वक्त 845 सड़क हादसे हुए थे। जिनमें 876 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 2023 में 803 सड़क हादसे हुए, जिनमें 822 लोगों की मौत हुईं। इनमें ज्यादातर मौत टू वीलर, साइकिल सवार और पैदल चलने वाले लोगों की हुई थी। ट्रैफिक पुलिस के सूत्रों के मुताबिक इन हादसों का मुख्य कारण तेज रफ्तार और नशे में गाड़ी चलाना है। रेड लाइट जंप करना, कार और कमर्शल गाड़ियों के ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाना भी हादसों का कारण है। रात के वक्त सड़क पर ट्रैफिक कर्मियों की संख्या भी कम हो जाती है। ऐसे में लोग मनमाने तरीके से गाड़ी चलाते हैं, जिसकी वजह से अधिक हादसे और मौत होती है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक 2024 में कुल 1505 सड़क हादसे हुए थे। इनमें 1551 लोगों की मौत हुई। दिन के वक्त 845 और रात के वक्त 659 हादसे हुए। इनमें रात के वक्त मौत का आंकड़ा 876 था, जबकि दिन में 675 लोगों की जान गई थी।

## समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर ने डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई

» सब का सपना संवाददाता

**समाजवादी** पार्टी नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट में धूमधाम से मनाई।

सपा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने संसार में समरसता, एकता का काम किया। डॉ भीमराव आंबेडकर ने संविधान में अमीर-गरीब, छोटे-बड़े सभी के लिए एक वोट का प्रावधान किया था।

गरीबों, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने की व्यवस्था के लिए उनके प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता।समाजवादी पार्टी के प्रदेश



सचिव जयकरण चौधरी व विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। बाबा साहब ने घोर अन्याय, अपमान को सहकर हम सभी को न्याय, सम्मान संविधान के माध्यम से दिया। वरिष्ठ नेता देवेंद्र गुर्जर ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक गैर बराबरी को बाबा साहब खत्म करना चाहते थे, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाए।

उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद व महिला सभा की अध्यक्ष शालिनी खारी ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि राजनैतिक सत्ता वह चाभी है, जिससे हर सामाजिक ताले खोले जा सकते है। महासचिव विकास यादव ने कहा कि बाबा साहब ने एक सुंदर संविधान दिया। इससे हम सबको समानता के रूप में जीने का हक है। भाजपा शासन में दलितो को नौकरियों से वंचित किया जा रहा है।

बाबा साहब ने हमें विपरीत परिस्थितियों में एक पवित्र संविधान दिया।

इस कार्यक्रम के उपरांत नोएडा महानगर संगठन की टीम नोएडा में बाबा साहब के लिए हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में भाग लिया।

आज के इस कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगों में मोहम्मद तसलीम,रमवीर यादव, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर ,बबली शर्मा, राम सहेली, कमल सिंह गौतम,बाबा जयवीर ,सौरभ चौहान , बिल्लू सैफी, राणा मुखर्जी, उदय सिंह,देवेंद्र खारी , तनवीर हुसैन, लोकेश यादव, शेखर यादव, गौरव,अच्छे मियां, रेणुका मेथी, लक्ष्मी दास, मोहम्मद चांद, गुलजार अल्वी, अमित ,विमला, मनोज यादव ,रूप सिंह,साहिल शेख ,अमित यादव, सिकंदर पासवान, साहिल चौधरी, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## गाजियाबाद पुलिस ने कूरियर से वापस मंगवाए चुराए गए 70 मोबाइल फोन

» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** चोरी, गुम और लूटे गए मोबाइलों को पता कर गाजियाबाद पुलिस ने लोगों को सौंप दिए। नगर जोन की स्वॉट, सर्विलांस टीम और सभी थानों की पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई कर इन फोन को बरामद किया।

इतना ही नहीं करीब 70 मोबाइल जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, छत्तीसगढ़, केरल समेत अन्य दूरदराज में इस्तेमाल हो रहा था। इन्हें वहां से कूरियर से मंगवाया गया। वापस मिलने की उम्मीद खोए चुके लोगों को जब उनके कीमती फोन मिले तो चेहरा खिल उठा। उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया। पुलिस ने 425 मोबाइल बरामद किए, जिनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है।

गाजियाबाद पुलिस के सीपी नगर राजेश कुमार ने बताया कि सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज मोबाइल चोरी, गुम या लूटने की शिकायतों को देखते हुए मोबाइल को ट्रेकिंग पर लगाया गया। जैसे ही मोबाइल ऑन हुए वैसे ही पुलिस को लोकेशन की जानकारी मिल गई। इसके बाद लोगों से इसे बरामद किया गया। ये मोबाइल दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य शहर व राज्यों से बरामद किए गए।

डीसीपी ने बताया कि इन मोबाइल को दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ते दामों पर बेचा गया था। इनमें से कुछ पुलवामा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत अन्य दूरदराज के शहर और राज्यों में लोग चला रहे थे। पुलिस ने मोबाइल ट्रेस कर उनसे संपर्क किया। पुलिस ने उन्हें बताया कि ये मोबाइल गाजियाबाद से चोरी या छीना गया फोन है। 70 लोगों ने गाजियाबाद पुलिस को मोबाइल कूरियर किए हैं।

लोहिया नगर निवासी रिंकी शुक्ला ने बताया कि एक दिसंबर 2024 को देहरादून जाते समय रेलवे स्टेशन के आसपास उनका मोबाइल गुम हुआ था। उन्होंने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। मोबाइल में काफी जरूरी दस्तावेज थे।

# मिशन शक्ति महिलाओं को सशक्त बनाना जीवन को समृद्ध बनाना

## मिशन शक्ति चरण 5 में हेल्पलाइन नंबरो की दी जानकारी





सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु, वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 , वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

### यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु चलाए जा रहे

# मिशन रोड सेफ्टी अभियान चलाकर पम्पलैट वितरित किए

सब का सपना संवाददाता



मुरादाबाद। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत गलशहीद पुलिस, थाना मुगलपुरा तथा थाना मंझोला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत में पम्पलैट वितरित कर लोगो को यातायात नियमों का पालन कराने व वाहन चलाने हेतु जनमानस को जागरूक किया गया।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खाईखेड़ा में लोगो को यातायात नियमों का पालन करते हुए। वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक किया।

यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार बहन भाई को ट्रक ने मारी टक्कर, भाई मौत,बहन गंभीर रूप से घायल

सब का सपना संवाददाता

कुंदरकी।मुरादाबाद से घर लौट रहे भाई बहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।हादसे में दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद भेज दिया ।इलाज के दौरान घयाल भाई की मौत हो गई।हादसे की सूचना पुलिस के द्वारा परिवार को दी गई।सूचना पर परिवार के लोग अस्पताल पहुँच गए।युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। रविवार की देर शाम नितिन कुमार पुत्र फूल सिह निवासी ग्वारखेड़ा थाना बिलारी अपनी बहन त्रिवेश देवी के साथ बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से वापस अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही दोनों मुरादाबाद सम्भल रोड स्थित ताहरपुर पेट्रोल पंप के सामने आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई।

जिसमें नितिन कुमार को और उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।पेट्रोल पंप स्वामी सानू अपनी निजी गाड़ी से नितिन कुमार और उसकी बहन को उपचार के लिए अस्पताल ले गया ।बताया जा रहा है कि नितिन की अस्पताल पहुंचकर मौत हो गई और उसकी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना पुलिस के द्वारा परिवार को दी गई।नितिन की मौत की सूचना से परिवार में मातम छाया गया।परिवार के लोग आनन फानन में अस्पताल पहुँच गए।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद।मंगलवार को उ0नि0 सुनिल कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी छोटे पुत्र हरज्ञान सिंह निवासी भटावाली थाना सिविल लाइंस जनपद मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर सहित गिरफ्तार किया गया।थाना सिविल लाइन्स आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।गिरफ्तार करने वाले उ0नि0 सुनिल कुमार थाना सिविल लाइन्स,हे0का0 सुनील,हे0का0अमित थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

# राशन डीलर के रिक्त पद पर खुली बैठक में हुआ प्रस्ताव पास



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद।मूंढापांडे की ग्राम पंचायत मुनीमपुर, महेशपुर में खुली बैठक का प्रस्ताव किया गया।ग्राम पंचायत मुनीमपुर राजस्व ग्राम महेश पुर भीला में कई महीनो से रिक्त चल रही सस्ता राशन की दुकान, जिला अधिकारी के आदेश अनुसार मंगलवार की दोपहर सस्ता राशन डीलर की दुकान का खुली बैठक का प्रस्ताव किया गया रिक्त चल रही, राशन की दुकान की खुली बैठक का प्रस्ताव किया गया इस मौके पर ब्लॉक अधिकारी ग्रामीण व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में खुली बैठक का प्रस्ताव कराया गया

प्रस्ताव में मौजूद नायब तहसीलदार पल्लवी, सहायक विकास अधिकारी अनीस अहमद, ग्राम पंचायत सचिव जसपाल सिंह ,परमेंद्र वर्मा, ग्राम प्रधान रूबी और राजू यादव पुत्र महाराम सिंह को निर्विरोध चुना गया है।

# ग्राम कुतुबपुर अज्जू में ठाकुर मनोज कुमार पुंडीर के आवास पर रामायण का पाठ किया गया

सब का सपना संवाददाता



कुंदरकी ।पंडित प्रशांत शर्मा ने पूजन कर रामायण पाठ का शुभारंभ किया तथा भजनों का गुणगान किया उन्होंने कथा के माध्यम से बताया की हमें अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए श्रीराम ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाया तथा दीन दुखियों की सहायता की और अत्याचारी रावण का वध किया अंत में असत्य पर सत्य की विजय हुई रामायण पाठ मे बोबी तूफानी, आकाश यादव,मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,सतीश सिंह,मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजू सिंह, रनवीर सिंह,किरन पाल,माधवपुंडीर, अनिकेत,आकाश ठाकुर,अरुन कुमार, सुभाष सिंह,राजेश सिंह,रवि कुमार,अनुज कुमार,लव पुंडीर,रूद्र पुंडीर,-खेमपाल सिंह,भगवानदास, पप्पू सिंह,सुभाष सिंह, टीकमसिंह-,हरिओम सिंह,अमर पाल सिंह,जितेंद्र सिंह,चमन सिंह,जीतू कुमार,रामौतार सिंह,अवनीश सिंह,धर्मपाल सिंह,पुष्पेंद्र कुमार, राजकुमारी देवी,गौरी, भाबना, बोबी देवी,गीता देवी,विशनो देवी, वर्षा देवी,रामवेटी देवी,शकुंतला देवी,पुष्पा देवी,राजकुमारी देवी,मोहनी,सीतल,पूजा देवी, दानवती पाल, विशनो देवी, आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

## मुरादाबाद के सभी थाना प्रभारियों को दिए आवश्यक निर्देश

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये।

ताकि पीड़ित, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है।



उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# आईपीएल मैच में सट्टेबाजी कराने वाला एक और शातिर आरोपी गिरफ्तार

सब का सपना संवाददाता



मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा नौ शातिर सटोरियों को आईपीएल व एमसीएक्स में सट्टा लगवाते हुये रुपयों व सट्टे से संबंधित अन्य सामानों,अवैध असलाह व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया था।जिसके संबंध में थाना सिविल लाइन्स मुरादाबाद में जुआ अधिनियम व आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था।

उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त मंगलवार को मुकदमा उपरोक्त में थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम द्वारा एक और शातिर आरोपी साहिल गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता नि0 गौर ग्रिशियश थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से पांच फर्जी आधार कार्ड व एक मोबाइल, एक दफ्ती मय कागजात, एक रजिस्टर सट्टा का विवरण लिखे व 04 बोल पैन, दो कैलकुलेटर , प्रोपर्टी संबंधित पत्रावली , कोरे कागज का खुला रिम , एक स्केल , तीन टुकडे सिल्वर फायल खाली पुडियो के कागज बरामद किये गये।

साहिल गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता नि0 गौर ग्रिशियश थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सैना थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद, निरीक्षक राजेन्द्र सिंह,उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री अनुज कुमार ,उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना सिविल लाईन्स, का0 कुलदीप कुमार, का0 टिकूं, म0का0 रीतू थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

# मारपीट के मामले में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, एक गिरफ्तार



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वादिनी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के पुत्र को सदोष परिरोध में रखना व उसकी इच्छा के विरुद्ध श्रम करने पर विवश करना तथा मारपीट कर के जंगल में डाल देने, मारपीट से आई चोटो के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह थाना कांठ द्वारा पुलिसबल के साथ एक और आरोपी शुभम उर्फ काले पुत्र रामपाल निवासी ग्राम नया गांव भैंडी फरीदपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु अभियान के तहत मिट्टी को हटाया गया

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़कों के किनारे व बीच में जमा हुई मिट्टी को हटाकर सड़क को साफ व सुरक्षित बनाया गया। सड़क सुरक्षा अभियान के उद्देश्य के तहत सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा सड़क किनारे पड़ी मिट्टी को हटवाया गया तथा थाना क्षेत्रांतर्गत दुर्घटना संभावित स्थानों से झाड़ियों की छटाई करवायी गई व लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया।



# इंडो-डच सेंटर आफ एक्सीलेंस से सब्जी व फूलों की खेती में आयेगा क्रांतिकारी बदलाव : दिनेश प्रताप सिंह

## उद्यान विभाग जनपद बाराबंकी में करेगा इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना

» सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में उद्यान विभाग के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। उद्यान विभाग जनपद बाराबंकी में इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना करने जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश में नीदरलैंड (टच) के सहयोग से स्थापित होने वाला पहला सेंटर आफ एक्सीलेंस होगा।

उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह महत्वाकांक्षी परियोजना जनपद बाराबंकी के त्रिवेदीगंज क्षेत्र के गांव सोनिकपुर में प्रस्तावित है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद बाराबंकी में लगभग सात हेक्टेयर भूमि में इंडो-डच तकनीक से सब्जी और फूलों का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होने जा रहा है। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्यान के क्षेत्र में राज्य के किसानों को समृद्धि की ओर ले जाने में बड़ा सहायक होगा। उन्होंने बताया कि यह उत्तर प्रदेश में (टच) के सहयोग से स्थापित होने वाला पहला प्रोजेक्ट होगा, जो किसानों को वैश्विक स्तर की तकनीक प्रदान करेगा और उनकी आमदनी में गुणात्मक वृद्धि करेगा।

उन्होंने परियोजना की सराहना करते हुए इसे शीघ्र ही भूमि पर क्रियान्वित करने की बात कही। साथ ही नीदरलैंड (टच) के एक्सपर्ट जोप वैन बालेन और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस सहयोग को और सशक्त बनाने की बात कही। यह सब्जी और फूलों की खेती का इंडो डच सेंटर आफ एक्सीलेंस सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित होगा, जिससे रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के किसान लाभान्वित होंगे।

नीदरलैंड (टच) के एक्सपर्ट जोप वैन बालेंन ने बैठक में डच टेक्नोलॉजी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर मिट्टी, पानी, जलवायु तथा निर्यात का अध्ययन कर लिया है।

इस प्रोजेक्ट से हाई-वॉल्यूम क्रॉप्स जैसे टमाटर, कलर्ड शिमला मिर्च, खीरा एवं विविध फूलों की उन्नत खेती की जा सकेगी, आधुनिक सब्जी नर्सरी की स्थापना की जा सकेगी व किसानों को प्रायोगिक स्तर पर डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी।

इस बैठक में उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी बाराबंकी सहित वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# आरेडिका में मनायी गई डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती

» सब का सपना संवाददाता




**लालगंज रायबरेली:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर किया गया।

इस अवसर महाप्रबंधक मिश्रा ने संविधान सभा की अंतिम बैठक के दिन बाबा साहब के विचारों एवं नये भारत के निर्माण के लिए उनकी दूरदर्शिता संबंधी विचारों को साझा किया। अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिलाओं एवं सभी समाजों के लोगों तथा विश्व व्यवस्था के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि अगर हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर एक दो कदम भी चलेंगे तो इस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है।

आगे इसी क्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, ऑल इण्डिया एससी/ एसटी एसोसिएशन के आरेडिका प्रतिनिधि देवनाथ निर्मल एवं ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया। इसी कड़ी में भारत में सामाजिक न्याय के वास्तुकार- डा0 अम्बेडकर विषय पर रेलवे बोर्ड द्वारा निदेशित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक के के कन्नौजिया, मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, एनके वर्मा, अनिल कुमार मिश्रा, आरएस बीका, वीके कपूर सहित अन्य अधिकारी, सभी आरेडिका कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल मे अग्निशमन कर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित





» सब का सपना संवाददाता

**लालगंज .रायबरेली :** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में कस्बे के अग्निशमन विभाग द्वारा ₹अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस ₹के उपलक्ष्य पर विभाग द्वारा विद्यालय के बच्चों को आग से बचाव के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में बच्चों को आग लगने के कारण और अग्नि के प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फिर लगी हुई आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है और कैसे उस आग को बुझाया जा सकता है। साथ ही अग्निशमन उपकारण को प्रैक्टिकल कर के दिखाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आये हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारी मुकेश गिरी, पंकज कुमार व शिवम् कुमार जी को स्मृति चिन्ह सम्मानित किया। और विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकायें व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विधायक रामवीर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर कला में नई अल्ट्रासाउंड मशीन का किया शुभारंभ



» सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर कला में नई अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्धाटन कर औपचारिक शुभारंभ किया। विधायक रामवीर सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा की विधायक बनते ही मेने सर्वप्रथम लखनऊ जाकर डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर कुंदरकी विधानसभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापना के लिए कहा था। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रारम्भ हो रही है। अल्ट्रासाउंड सुविधा अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से गर्भवती महिलाओं सहित समस्त क्षेत्रवासियों को समय पर चिकित्सा परामर्श मिलेगा। इस सुविधा के शुरू होने से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अब बड़े अस्पतालों की दूरी और खर्च से राहत मिलेगी। हमारी सरकार का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं ग्रामीण अंचलों तक सहजता से पहुँचे। इस अवसर पर सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ संजीव बेलवाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ, हाजी मुशाहिद एवं भारी संख्या में क्षेत्रबासी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद चिल्ड्रन एकेडमी भोजपुर का जाग्रति महोत्सव आयोजित

## नन्हे-मुन्हों ने आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुति के जरिए बांधी समा



» सब का सपना संवाददाता

**सरेनी(रायबरेली)।** विवेकानंद चिल्ड्रन एकेडमी भोजपुर के प्रांगण में आयोजित जाग्रति महोत्सव में नन्हे-मुन्हें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक व आकर्षक प्रस्तुत के जरिए समां बांध दी।बाल कलाकारों ने मंचीय कार्यक्रमों में कभी दर्शकों को रूलाया तो कभी हंसाया।इतना भी नहीं,सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए इन कलाकारों ने दर्शकों को कभी पंजाबी नृत्य के जरिए पंजाब,गुजराती नृत्य डांडिया की प्रस्तुति दे गुजरात व ब्रज की होली नृत्य के माध्यम से वृंदावन तो कभी शिव तांडव नृत्य के जरिए हिमालय की सैर करने के लिए सभी को न केवल विवश किया बल्कि उनके शरीर में थिरकन पैदा की।कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह रामपुरी व साहित्यकार,गीतकार सुरेश फक्कड़ तथा बैसवारा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. निरंजन राय के संयुक्त दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन कार्यक्रम से हुई।गणेश वंदना गीत पर मनमोहक अभिनय नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा।वहीं नन्हे-मुन्हे बाल कलाकारों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर खूब वाहवाहियां लूटीं।इसके बाद बच्चों ने सोशल मीडिया व मोबाइल फोन पर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के अधिक प्रयोग से बचने तथा उससे हो रही हानियों से सचेत रहनें का संदेश दिया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में सूरमागर्ल व वक्का-वक्का गीत पर अभिनय नृत्य खूब सराहे गये जबकि नादिया किड्स कार्यक्रम में छोटी बालिकाओं का अभिनय गीत भी किसी से कम नहीं रहा।फादर डांस जहां खूब सराहा गया वहीं आर्मी थीम्स अभिनय ने दर्शकों को रूला दिया।डिस्को डांसर,नाजा गर्ल्स,तथा फेंडशिप मेडेली के बाद राममंदिर के निर्माण पर भगवान श्री राम के भजन पर बच्चियों के भाव नृत्य पर तो पांडाल में बैठे दर्शक भी थिरकने को विवश हो गये।इस मौके पर आयाजित कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से सभी को लोहा मनवाया।तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा पांडाल तकरीबन पांच घंटे गूजता रहा।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष पांडेय व आरती तिवारी ने किया।आगतों का स्वागत व आभार प्रधानाचार्य भाष्कर प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अशोक सिंह रामपुरी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से अधिक साहित्यिक,कलात्मक एवं मंचीय कार्यक्रमों के साथ खेलकूद के प्रति अधिक प्रेरित करने की जरूरत है।उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में उन्हें निपुण बनाने की महती आवश्यकता है।कार्यक्रमों को देखने से लगता है कि यह विवेकानंद चिल्ड्रन एकेडमी भोजपुर बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।इस मौके पर प्रो. डा. निरंजन राय,पूर्व प्रचार्य बैसवारा महाविद्यालय अरूण कुमार सिंह मुन्ना,पूरे पांडेय इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता अशोक त्रिवेदी,राजेश फौजी,आशीष सिंह सेंगर,अवनीश प्रताप सिंह,रामप्रताप सिंह,कवि एवं साहित्यकार सुरेश फक्कड़,कवि सतीश सिंह,रविशंकर बाजपेई डा. अजीजुल रहमान सिद्दीकी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।समारोह में आगतों के सम्मान के साथ पिछले सत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर नीट की परीक्षा पास करने वाले छात्र राज सिंह व उनके परिजनों के अलावा अंशिका गुप्ता व उसके परिजनों और छात्रा शिवांशी सिंह को भी सम्मानित किया गया।

# चेयरमैन के साथ अभद्र व्यवहार मंजूर नहीं, सभासदों ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

## बोले सभासद- काशी तालाब का सुंदरीकरण जरूरी, जनहित की ना हो अनदेखी

» सब का सपना संवाददाता





**लालगंज,रायबरेली.** काशी तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग जोर पकड़ रही है. नगर पंचायत सभागार में सभासदों की बैठक आयोजित की गई. सभासदों ने अध्यक्ष सरिता गुप्ता के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी, धरना प्रदर्शन तथा घर घेराव पर कड़ी नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया. सभासदों ने पारित प्रस्ताव में कहा कि नगर पंचायत लालगंज जनपद रायबरेली के हम सभी निर्वाचित सभासद पूरी निष्ठा के साथ अपने वार्डों तथा नगर के विकास तथा जनसेवा के लिए पूरी तरह समर्पित रहते हैं. जाति,धर्म,समूह-,पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करते हैं. सभासदों ने कहा कि समर्थन अथवा विरोध स्वस्थ लोकतंत्र का हिस्सा है. जनहित में जरूरी होने पर हम सभी ऐसा करते हैं. लेकिन विरोध के नाम पर निजी एजेंडा चलाने,अभद्रता करने,डराने धमकाने तथा विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने की कार्रवाई कतई स्वीकार नहीं की जा सकती. प्रस्ताव में कहा गया है कि बीते 10 अप्रैल को कुछ लोगों ने एक समूह बनाकर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के विरुद्ध घटिया नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन किया. घोसियाना मोहल्ले में स्थित ऐतिहासिक काशी तालाब के सौन्दर्यीकरण का काम रुकवाने की नीयत से इन लोगों ने झूठी खबरें प्रसारित कीं,अध्यक्ष के घर का घेराव किया और धरने पर बैठ गए. यह तरीका बेहद आपत्तिजनक है. निर्वाचित महिला अध्यक्ष के साथ ऐसा बर्ताव दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. प्रस्ताव में कहा गया है कि हम सभी निर्वाचित सभासद एकमत होकर इस कार्वाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. सभासदों ने कहा कि किसी भी समूह के बेजा दबाव को अस्वीकार करते हुए जनहित में काशी तालाब के सौंदर्यीकरण के काम को निर्बाध पूरा करवाया जाये. सभासदों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार ध्रुव नारायण को सौंपा. नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय भी मौके पर मौजूद रहे. निंदा प्रस्ताव पर नगर पंचायत के सभी सभासदों ने हस्ताक्षर किए. पुलिस उपाधीक्षक को भी प्रस्ताव सौंपा गया. प्रस्ताव में मांग करते हुए कहा गया कि निषेधाज्ञा उल्लंघन करके जुलूस निकालने, धरना प्रदर्शन करने, अमर्यादित नारेबाजी करने तथा सरकारी काम में बाधा डालने वालों के विरुद्ध प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए. राघवेंद्र सूर्यवंशी,सीमा गब्बर, कृष्णावती, नसरीन बेगम, राकेश कुमार, सीमा देवी, आलोक तिवारी, अफसरी बानो, रवीन्द्र सोनी, दीपक मिश्रा, नसीम कुरैशी, अतुल शर्मा, शशिधर, खुर्शीद, रमेश गुप्ता मौजूद रहे.

# भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार ने अपने कार्यालय पर की जनसुनवाई

» सब का सपना संवाददाता



**प्रयागराज।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार की जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने भाजपा कार्यालय गंगापार में जनसुनवाई की पार्टी कार्यालय पर आए भाजपा कार्यकताओं व अन्य लोगों की समस्याओं को जिला अध्यक्ष ने ध्यान पूर्वक सुना व अधिकारियों से बात कर कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गौरतलब है की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान प्रतिदिन अपने कार्यालय पर बैठकर भाजपा कार्यकताओं तथा अन्य लोगों की समस्याओं को सुनती हैं तथा उनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास करती है ।

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम करती है गंगापार क्षेत्र में किसी को कोई भी समस्या हो तो वह और सीधे भाजपा कार्यालय गंगापार में जाकर मुझसे मिल सकता है।

इससे पहले जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के साथ सर्किट हाउस में भी कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में शामिल हुई व उप मुख्यमंत्री के साथ पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंची तथा उप मुख्यमंत्री को सी ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्याम सुंदर द्विवेदी, संगीता पटेल, अरविंद यादव, शिव बाबू मोदनवाल, महेश माली, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मत्स्य पालन की योजनाओं का किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार : संजय निषाद

## मत्स्य विकास मंत्री बोले, निर्धारित लक्ष्यों को पूरा न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी

» सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने कहा है कि प्रदेश में मछुआ समुदाय, मत्स्य पालन एवं मत्स्य व्यवसाय हेतु संचालित विभिन्न योजनओं का व्यापक रूप के प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि ग्रामीण एवं शहरी वर्गों के लोग मत्स्य पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो और अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। जनपदों से लाभार्थी चयन की प्रक्रिया,कार्यों में अनियमिता एवं भुगतान के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर तत्काल समाधान किया जाए। राज्य सरकार मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि करते हुए आजीविका हेतु मत्स्य व्यवसाय पर निर्भर गरीब मछुआ परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय जलाशयों के आवंटन की प्रक्रिया 30 जून तक पूरा कराने के भी निर्देश दिये।

मत्स्य विकास मंत्री ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए और मछुआ समुदाय की आय को बढ़ाने के लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध रूप से कार्य किया जाए। कार्य के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों की जबाबदेही तय की जाये और अपनी जिम्मेदारियों और लक्ष्यों को समय पर पूरा न करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी जनपदों में प्रत्येक स्तर पर योजनाओं का अनुश्रवण कर सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना,मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना,निषादराज बोट योजना,मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं अन्य सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से पात्र लोगों को मिलता रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को मत्स्य उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है ताकि अन्य राज्यों पर मत्स्य बीज, मत्स्य आहार आदि के लिए निर्भर न रहना पड़े। मत्स्य विकास मंत्री ने सहकारी समितियो के गठन, पट्टे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना,निषाद राज बोट योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना तथा उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री जी ने विभागीय समस्याओं से अवगत होते हुये सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से मंत्री को अवगत कराया।

# रणदीप हुड्डा ने खोली सनी देओल की पोल, फैंस हो जाएंगे हैरान

फिल्म जाट दर्शकों को पसंद आ रही है और इस फिल्म में सनी देओल का मासी एक्शन अवतार देखने को मिला है. वहीं फिल्म में रणदीप हुड्डा ने खूंखार विलेन का रोल प्ले किया है. फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रणदीप ने सनी देओल के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया था.



**गदर 2** के बाद फैंस को सनी देओल की अगली फिल्म का इंतजार था, जिसमें कुछ फिल्मों के नाम भी सामने आए, लेकिन उनके पहले एक ऐसी फिल्म आई जो कमाल कर रही है. फिल्म का नाम जाट है. इसमें विलेन का रोल रणदीप हुड्डा ने किया है और फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर रणदीप ने सनी देओल के काम करने के तरीके पर बात की थी.

जाट ट्रेलर लॉन्च पर रणदीप हुड्डा ने बताया था कि उन्हें सनी देओल के साथ काम करके कैसा लगा? सनी देओल कैमरे के सामने और कैमरे के पीछे कैसे होते हैं, रणदीप ने इसके बारे में बताते हुए एक्टर की पोल खोल दी थी.

### सनी देओल को लेकर रणदीप हुड्डा ने क्या कहा?

एक इवेंट में रणदीप हुड्डा ने कहा था, जैसा आप लोगों को दिखते हैं स्क्रीन पर वैसे हैं नहीं, मै पोल खोल देता हूं इनकी, ये वैसे तो बहुत ही सरल स्वभाव के हैं, सॉफ्ट स्पोकन हैं पर जैसे ही कैमरा ऑन होता है तो इनमें माता आ जाती है. फिर ये किसी को नहीं छोड़ते और सभी की उतार देते हैं. कैमरा के ऑन होने के बाद सनी पाजी एक अलग इंसान होते हैं, लेकिन कैमरा ऑफ होते ही फिर से ये हमारे प्यारे से सनी देओल बन जाते हैं. इस बात को सुनकर सनी देओल सिर्फ मुस्कुराते हैं और पैपराजी उनके लिए ताली बजाते हैं. फिल्म जाट में भी सनी देओल का ऐसा ही मासी अंदाज देखने को मिला है जो फैंस को खूब पसंद आ रहा है और फिल्म को दर्शक पसंद भी कर रहे हैं.

# वनेसा ने कियारा आडवाणी को नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया

कियारा के वनेसा का चेहरा बनने के साथ ब्रांड अब सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर के साथ कोलेबोरेशन कर ब्रांड अवेयरनेस बढ़ाने पर करेगा फोकस






**आधुनिक** महिलाओं के लिए प्रीमियम फ्रेगरेंस ब्रांड वनेसा ने बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह कोलेबोरेशन वनेसा की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मविश्वास भरने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

कियारा आडवाणी अपनी गरिमा, आकर्षण और सच्चाई के लिए जानी जाती हैं। वह वनेसा के मूल तत्वों का जीता-जागता उदाहरण हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उनकी यात्रा आत्म-विश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को दशार्ती है झ ये दोनों गुण वनेसा की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं।

कियारा के लिए फ्रेगरेंस केवल एक खुशबू नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार है। उनके पसंदीदा परफ्यूम उनकी जीवंतता को दशार्ते हैं झ दिन के लिए ताजगी से भरी फूलों की खुशबू और शाम के लिए वार्म एंबर नोट्स। इस साझेदारी से वनेसा एक ऐसा कलेक्शन प्रस्तुत करना चाहता है, जो आज की उन उपभोक्ताओं की पसंद से मेल खाएगा जो अपनी खुशबू में कई परतें और शालीनता चाहती हैं।

अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा, मैं वनेसा से जुड़कर बेहद रोमांचित हूं। मेरे लिए आत्मविश्वास का मतलब है अपने असली रूप को अपनाना, अपनी ताकतों और कमजोरियों को स्वीकार करना और जीवन को सच्चाई के साथ जीना। वनेसा के साथ काम करना इसलिए खास है क्योंकि यह ब्रांड इंडिविजुअलिटी का जश्न मनाता है, और यही सोच मेरी भी है।

हैमिल्टन साइंसेज प्रा. लि. के एमडी और सीईओ सौरभ गुप्ता ने कहा, हम कियारा आडवाणी का वनेसा परिवार में स्वागत कर बेहद खुश हैं। कियारा अपने आकर्षण, सहजता और आधुनिकता के साथ हमारे ब्रांड की आत्मा को दशार्ती हैं। उनका सफर और व्यक्तित्व वनेसा की सोच से पूरी तरह मेल खाता है, जो इंडिविजुअलनेस और आधुनिक नारी का उत्सव मनाता है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग महिलाओं को अपने व्यक्तित्व को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## खेल

### न्यूज ब्रीफ

#### गिल, घई, बैसोया ने कैलेंस ओपन में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** लुधियाना के पुखराज सिंह गिल, गुरुग्राम के तपेंद्र घई और दिल्ली के हनी बैसोया मंगलवार को यहां कैलेंस ओपन में छह अंडर 64 के समान कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। कुतुब गोल्फ कोर्स के पार 70 वाले कोर्स पर पांच खिलाड़ी पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। यह कोर्स 15 साल बाद पीजीटीआई प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज खिलाड़ियों में युवराज संधू, करणदीप कोचर, कपिल कुमार, के शंकर दास और बांग्लादेश के बादल हुसैन शामिल है।

#### एमसीए ने वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड का नाम रोहित शर्मा, अजीत वाडेकर और शरद पवार के नाम पर रखा

**मुंबई (एजेंसी)** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर एक-एक स्टैंड (दर्शक दीर्घा या पवेलियन) का नाम रखा। स्टैंड के नाम रखने का फैसला एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान लिया गया। पारित प्रस्ताव के अनुसार, दिवेचा पवेलियन के तीसरे तल्ले को अब रोहित शर्मा स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, ग्रैंड स्टैंड के तीसरे तल्ले का नाम पूर्व आईसीसी चेयरमैन पवार के नाम पर रखा जाएगा और ग्रैंड स्टैंड चौथे तल्ले का नाम वाडेकर के नाम पर रखा जाएगा। वाडेकर ने 1966 से 1974 तक 37 टेस्ट और दो वनडे खेले हैं। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में भारत को श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# केकेआर ने पंजाब किंग्स की पारी को 111 रन पर समेटा



**मुल्लांपुर (एजेंसी)** पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन पर आउट हो गयी। पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 15 गेंद में 30 जबकि प्रियांश आर्य ने 12 गेंद में 22 रन बनाये। केकेआर के लिए हर्षित राणा ने तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट चटकाये।

# दूसरी गेंद के नियम से गेंदबाजों को मदद मिली : मोहित शर्मा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का मानना है कि गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल की दोबारा स्वीकृति देने और दूसरी पारी में गेंद बदलने के विकल्प ने इस साल के आईपीएल में गेंदबाजों को राहत दी है।

आईपीएल 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लार के इस्तेमाल पर लंबे समय से लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। इस प्रतिबंध को पहली बार कोविड-19 महामारी के दौरान लगाया गया था। इसके अलावा दूसरी गेंद का नियम भी पेश किया। इससे टीमों को शाम के मैच की दूसरी पारी में 10वें ओवर के बाद गेंद को बदलने और पहले इस्तेमाल की गई गेंद को चुनने की अनुमति मिल गई जिससे कि ओस के प्रभाव से निपटा जा सके।

मोहित ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, यह (गेंद बदलना) शत प्रतिशत मददगार है। हमने पिछले मैच में यह देखा था। पहली पारी में 12 ओवर के बाद गेंद गीली होने लगी और फिर दूसरी पारी में जब 13वां या 14वां ओवर कर्ण ने फेंका तो काफी ओस थी और गेंद स्पिन हुई। मोहित ने कहा कि बदली हुई सख्त गेंद शुरू में तो अंतर पैदा करती है लेकिन कुछ ओवर के बाद उसका असर खत्म हो जाता है।

उन्होंने कहा, सख्त गेंद निश्चित रूप से थोड़ा अंतर पैदा करती है लेकिन समय के साथ, जब यह 15वें या 16वें ओवर में पहुंचती है तो गेंद की स्थिति पहले जैसी ही हो जाती है। इस 36 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर टीमें ओस का सटीक अनुमान लगा पाएं तो उन्हें फायदा मिल सकता है।

लार के इस्तेमाल पर मोहित ने कहा, लार के इस्तेमाल ने शत प्रतिशत अंतर पैदा किया है। आप देखेंगे कि 70 प्रतिशत मुकाबलों में गेंद अंदर की ओर आ रही है। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि लार भारी होती है, पसीना नहीं। इसलिए अगर गेंद भारी है, तो वह अंदर की ओर आ आएगी। कुलदीप यादव ने दिल्ली के लिए शानदार गेंदबाजी की है और मोहित ने इस स्पिनर का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल करने के लिए कप्तान अक्षर पटेल की सराहना की।

दिल्ली के बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं और शर्मा ने स्पिनर का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए कप्तान अक्षर पटेल की सराहना की। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा ने कहा कि जब तक टीम जीत रही है तब तक उन्हें उपलब्धियों की परवाह नहीं है।

नितीश ने कहा, किसी दिन आप जो प्रदर्शन करते हैं वह महत्वपूर्ण है। 60, 70, 80, 90, 100 मेरे लिए एक खिलाड़ी और एक बल्लेबाज के तौर पर सिर्फ एक उपलब्धि है। एक टीम के तौर पर सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप कहां खड़े हैं? उन्होंने कहा, आप उस दिन कैसा प्रदर्शन करते हैं?

आप वह दो अंक कैसे हासिल करते हैं? यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। राजस्थान रॉयल्स अभी अंक तालिका में आठवें स्थान पर है जिसने छह मैच में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं।

# राहुल आईपीएल में अब तक के सबसे बेहतरीन विकेटकीपर–बल्लेबाज रहे हैं : मार्क बाउचर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका और मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच मार्क बाउचर का मानना है कि केएल राहुल इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं और राष्ट्रीय टी20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं।

राहुल मौजूदा समय में भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। उन्होंने अपनी नयी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए चार मैचों में 66.66 की शानदार औसत और 163.93 की स्ट्राइक रेट से 200 रन बनाए हैं। जियोस्टार के विशेषज्ञ बाउचर ने मंगलवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा, ह्यह्यअगर आप आईपीएल को देखें तो एक खिलाड़ी जिसने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी में अच्छा किया है, वह हैं लोकेश राहुल। मैं यहां एमएस धोनी की बात नहीं कर रहा हूं क्योंकि हम भविष्य की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने कुछ शानदार पारियां खेली हैं। उन्होंने एक मैच के बाद कुछ ऐसा कहा था जिससे मैं भी सहमत हूं। उन्होंने कहा कि जब वह विकेटकीपिंग करते हैं, तो वह बहुत सारी जानकारी हासिल करते हैं जिसका उपयोग वह अपनी बल्लेबाजी में कर सकते हैं। वह आईपीएल में सबसे बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक है। दक्षिण अफ्रीका के लिए 147 टेस्ट, 295 वनडे और 25 टी-20 मैच खेल चुके इस 48 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ध्रुव जुरेल भी शानदार खिलाड़ी हैं, ऋषभ पंत लगातार बेहतर होते जा रहे हैं, उन्होंने कल रात अच्छी विकेटकीपिंग की। भारत में आपके पास बहुत सारे विकल्प हैं।

पिछले साल तक मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े रहे बाउचर आईपीएल में रोहित के कम रन बनाने को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि थकान उनके खराब प्रदर्शन के पीछे एक कारण हो सकती है।

उन्होंने कहा, मैं इस समय थकान को लेकर उनकी मानसिकता के बारे में निश्चित नहीं हूं। उन्होंने बहुत क्रिकेट खेला है। इसलिए, कभी-कभी एक कोच के रूप में, आप केवल यही कर सकते हैं कि आप खिलाड़ी को देखें, उससे बात करें और उससे कहें कि आप खुद को कैसे चुनौती दे सकते हैं?

उन्होंने कहा, कभी-कभी यह किसी खिलाड़ी को सलाह देने के बारे में नहीं होता है, यह उससे बस एक या दो सवाल पूछना होता है। खिलाड़ियों को हमेशा एक तरह से चुनौती देना पसंद नहीं होता है, लेकिन कभी-कभी वे खुद को भी चुनौती देना पसंद करते हैं। ऐसे में रोहित के बल्ले से बड़ी पारी निकलने वाली है।

बाउचर ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी की तारीफ की।

# आडवाणी विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**कारलो (आयरलैंड) (एजेंसी)** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और स्नूकर) पंकज आडवाणी हमवतन ध्रुव सितवाला को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने ढाई घंटे तक चले सेमीफाइनल में सितवाला को 1070-300 के बड़े अंतर से हराया।

सितवाला ने 63 के ब्रेक के साथ शुरूआती बढ़त हासिल की, लेकिन उसके बाद आडवाणी ने बढत कायम कर उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

कई बार के विश्व चैम्पियन आडवाणी के सामने खिताबी मुकाबले में भारत के ही सौरव कोठारी और इंग्लैंड के डेविड कौजियर के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। आडवाणी का लक्ष्य अपना विश्व खिताब बचाने के साथ 2016 से विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में



एक दशक तक अपराजित रहने का रिकॉर्ड बनाना भी है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।